1. गुप्त काल में कौन सी गुफाएँ निर्मित की गयी थी? : अजंता गूफ़ाए
2. 7 अजूबों में से कौन सा अजूबा आगरा में स्थित है? : ताजमहल
3. सह्याद्रि को और किस नाम से जाना जाता है? : द वेस्टर्न घाट्स
4. हमारा राष्ट्रगान किसने लिखा था? : रविंद्र नाथ टागोर
5. भारत के वित्त मंत्री कौन है? : निर्मला सीतारमण

## 6. तर्क ज्ञान

1. संख्याओं के उभयनिष्ठ अपवर्तको को क्या कहते हैं? : म0 स0
2. भारत का सर्वाधिक जस्ता उत्पादक राज्य कौन सा है? : राजस्थान
3. मानव शरीर के सबसे बड़ी कोशिका का नाम है? : तंत्रिका कोशिका
4. भुलावा शब्द में कौन सा प्रत्यय है? : आवा
5. अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता? TRADITIONAL -(a) TRAIN (b) LAND (c) RATION (d) NATIONAL : NATIONAL

## 7. विलोम शब्द

1. पक्ष : विपक्ष
2. प्राचीन : आधुनिक
3. पृथक : संयुक्त
4. पाच्य : अपाच्य
5. पूर्ण : अपूर्ण

## 8. प्रेरक प्रसंग

### गलती की है तो माफ़ी माँगो

गाँधी जी एक बार अपनी यात्रा पर निकले थे। तब उनके साथ उनके एक अनुयायी आनंद स्वामी भी थे। यात्रा के दौरान आनंद स्वामी की किसी बात को लेकर एक व्यक्ति से बहस हो गई और जब यह बहस बढ़ी तो आनंद स्वामी ने गुस्से में उस व्यक्ति को एक थप्पड़ मार दिया।

जब गाँधी को इस बात का पता चला तो उन्हें आनंद जी की यह बात बहुत बुरी लगी। उन्हें आनंद जी का एक आम आदमी को थप्पड़ मारना अच्छा नहीं लगा। इसलिए उन्होंने आनंद जी को बोला की वह इस आम आदमी से माफ़ी मांगे। गाँधी जी ने उनको बताया की अगर यह आम आदमी आपकी बराबरी का होता तो क्या आप तब भी इन्हें थप्पड़ मार देते।

गाँधी जी की बात सुनकर आनंद स्वामी को अपनी गलती का अहसास हुआ। उन्होंने उस आम आदमी से इस बात को लेकर माफ़ी मांगी।


# चहक

बच्चों का विद्यालय से जुड़ाव

दिन - 27 | सत्र - 01 | अवधि - 1 घंटा

सामाजिक एवं भावनात्मक विकास

## खेल आवाज़ की रफ्तार पर चलना



**उद्देश्य**

- निर्देशों और सरल नियमों को समझ कर उनका पालन कर पाएँगे।

**प्रक्रिया**


- शिक्षक बच्चों को एक गोल घेरे में खड़ा करेंगे।
- खेल गतिविधि के बारे में बच्चों को बताएँगे कि घंटी/ताली बजने पर सभी बच्चे गोल घेरे में चलेंगे।
- घंटी/ताली बजने की गति जैसी होगी, उसी गति से उन्हें चलना है। यदि घंटी/ताली धीमी गति से बजेगी तो धीमा चलना है और तेज गति से बजेगी तो तेज चलना है। यदि घंटी/ताली बजना बंद हो जाए तो रुक जाना है।
- शिक्षक पहले इस गतिविधि को खुद बच्चों के साथ करके दिखाएँगे और ध्यान रखें कि घंटी बजने की गति बच्चों के अनुरूप हो ताकि बच्चे उसे आसानी से कर पाएँ।
- बच्चों से यह गतिविधि करवाएँगे।
- शिक्षक बच्चों से पूछेंगे कि उन्हें यह गतिविधि कैसी लगी ? क्या वे इस गतिविधि को फिर से करना चाहेंगे ?

**सामग्री**

- घंटी/डफली, थाली और चम्मच।

**विकल्प**

- इस गतिविधि को आवश्यकतानुसार इसकी कठिनाई के स्तर को थोड़ा बढ़ाते-घटाते हुए करवाया जा सकता है।



**प्रतिफल**

- एक ही समय में निर्देशों और सरल नियमों का पालन कर पाएँगे।

